# प्रेस नोट- थाना कटरा

# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक- 15.05.2026

## थाना कटरा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वाले कुख्यात गैंग लीडर रियाज उर्फ बाबू के विरुद्ध गैंग पंजीकरण कर आपराधिक गतिविधियों पर कसा शिकंजा

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी कटरा द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त कुख्यात गैंग लीडर रियाज उर्फ बाबू के विरुद्ध गैंग पंजीकरण संख्या D-70/2026 पंजीकृत किया गया।

**संक्षिप्त विवरण-**

रियाज उर्फ बाबू पुत्र सरताज निवासी ग्राम पढ़ेरा, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली, हाल निवासी मोहल्ला आतिशबाजान, कस्बा कटरा, जनपद शाहजहाँपुर का मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वाला एक संगठित गैंग है, जो वर्ष 2017 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है तथा वर्ष 2022 से गैंग बनाकर नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त में संलिप्त है। उक्त गैंग द्वारा मादक पदार्थों की अवैध तस्करी कर आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करते हुए अवैध रूप से धन-अर्जन किया जा रहा है। उक्त गैंग में सुनीत पुत्र बीरेन्द्र एवं ऋषभ गुप्ता पुत्र राजेश कुमार निवासीगण कस्बा कटरा, जनपद शाहजहाँपुर सक्रिय सदस्य हैं। गैंग लीडर रियाज उर्फ बाबू अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त में सक्रिय है। उक्त गैंग अपने एवं गैंग के अन्य सदस्यों के आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु मादक पदार्थों की तस्करी करता है तथा उससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांटकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करता है। उक्त गैंग की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने एवं सतत निगरानी स्थापित किए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा की रिपोर्ट के आधार पर रियाज उर्फ बाबू के विरुद्ध गैंग पंजीकरण संख्या D-70/2026 पंजीकृत किया गया है, जिससे इनकी आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके तथा गैंग के सदस्यों, उनके संपर्कों एवं आवागमन पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। गैंग से संबंधित अन्य सदस्यों तथा अन्य जनपदों में इनके द्वारा किए गए अपराधों के संबंध में जानकारी एकत्रित करने हेतु टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

**गैंग लीडर व गैंग के सदस्यों का विवरण-**

1. रियाज उर्फ बाबू पुत्र सरताज निवासी ग्राम पढेरा थाना फतेगंज पूर्वी जनपद बरेली, हाल निवासी मोहल्ला आतिसबाजान कस्बा कटरा जनपद शाहजहाँपुर (उम्र करीब 38 वर्ष)
2. सुनीत पुत्र बीरेन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला बाजार कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर (उम्र करीब 20 वर्ष)
3. ऋषभ गुप्ता पुत्र राजेश कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला आतिसबाजान कस्बा कटरा जनपद शाहजहाँपुर (उम्र करीब 21 वर्ष)

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0 421/2025 धारा 8/21/29 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 433/2025 धारा 8/21 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
3. मु0अ0सं0 470/2024 धारा 8/22 NDPS ACT थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।